शीर्ष विज्ञानियों की सूची में इंदौर की डा. अंजना जाजू शामिल

डा. पांडा को स्टेनफोर्ड-एल्सेवियर सर्वे में मिली जगह

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। विज्ञान से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले विज्ञानियों को लेकर स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय और एल्सेवियर ने सर्वे किया है। इसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की स्कूल आफ बायोटेक्नोलाजी की विभागाध्यक्ष डा. अंजना जाजू को जगह मिली है। उनके साथ ही जीव विज्ञान विभाग की एक रिसर्च स्कालर डा. सुनंदा पांडा का नाम भी सूची में दिया है।

डा. अंजना जाजू

खास बात यह है कि वर्ष 2021 की इस सूची में दुनियाभर में महज दो प्रतिशत शीर्ष पादप विज्ञानी शामिल हैं। इनमें शामिल डा. जाजू के अनुसार उनके अधिकांश शोध कार्य पौधों के जीवन चक्र पर आधारित हैं। इसमें प्रकाश संश्लेषण की भूमिका और प्रभाव पर शोध शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी और नीदरलैंड स्थित प्रकाशन संस्थान एल्सेवियर बीवी ने लगातार तीसरे वर्ष यह सूची प्रकाशित की है। इससे पहले की सूची में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तीन अन्य प्राध्यापकों प्रो. केके पांडे, स्व. डा. दिनेश वार्ष्णेय और स्व. एसपी सिंह क भी जगह मिल चुकी है। वैसे डा. जाजू और डा. सुनंदा को पादप जीव विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत दुनिया के 134814 विज्ञानियों में 1904 और 2104 का स्थान मिला है। कुलपति डा. रेणु जैन ने बताया कि पेटेंट के बाद अब बेहतर शोध पर ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए एक समिति बनाएंगे।